# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 21. 2.26 | 2 | 1-2 |

## मत्स्य पालकों एवं एक्वाप्रेन्योर्स के लिए एक्वा उद्यमी कार्यक्रम आयोजित

### हकृवि में एक्वा उद्यम-2026 का हुआ समापन

हिसार, 20 फरवरी (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में मत्स्य क्षेत्र में उद्यमिता, नवाचार एवं क्षमता के निर्माण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किए गए चार दिवसीय एक्वा उद्यम-2026 कार्यक्रम का सफल समापन एक्वा उद्यमी, मत्स्य पालकों एवं एक्वाप्रेन्योर्स के लिए उद्यमिता उन्मुखीकरण कार्यक्रम के साथ हुआ। समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा ने अपने संबोधन में बताया कि एक्वा उद्यम- 2026 मत्स्य पालकों एवं एक्वाप्रेन्योर्स के बीच उद्यमिता, नवाचार एवं सतत आजीविका के अवसरों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ। राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान, हैदराबाद एवं चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किए गए कार्यक्रम के समापन अवसर पर मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के सहायक वैज्ञानिक डॉ. नितीश बंसल ने मत्स्य क्षेत्र में उभरते व्यावसायिक अवसरों, नवाचार की भूमिका तथा उद्यमिता की संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। सरकारी सहायता वित्त पोषण के स्रोत एवं सहयोगी संस्थान विषय पर एक सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी डॉ.रचना गुलाटी, विभागाध्यक्ष डॉ दिलीप बिश्नोई, सहायक प्राध्यापक डॉ अनुपम आनंद उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि डा. राजेश गेरा।



चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 21.2.26 | 5 | 7-8 |

# हकृवि में एक्वा उद्यम-2026 का समापन



हिसार में शुक्रवार को कार्यक्रम को संबोधित करते मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा। -हप्र

**हिसार (हप्र)** : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में मत्स्य क्षेत्र में उद्यमिता, नवाचार एवं क्षमता के निर्माण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किए गए चार दिवसीय एक्वा उद्यम-2026 कार्यक्रम का सफल समापन एक्वा उद्यमी, मत्स्य पालकों एवं एक्वाप्रेन्योर्स के लिए उद्यमिता उन्मुखीकरण कार्यक्रम के साथ हुआ। समापन अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ राजेश गेरा ने अपने संबोधन में बताया कि एक्वा उद्यम- 2026 मत्स्य पालकों एवं एक्वाप्रेन्योर्स के बीच उद्यमिता, नवाचार एवं सतत आजीविका के अवसरों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ। राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान, हैदराबाद एवं चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किए गए कार्यक्रम के समापन अवसर पर मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के सहायक वैज्ञानिक डॉ. नितीश बंसल ने मत्स्य क्षेत्र में उभरते व्यावसायिक अवसरों, नवाचार की भूमिका तथा उद्यमिता की संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 21.2.26 | 5 | 7-8 |

## एक्वा उद्यम-2026 में दी नवाचार के अवसरों की जानकारी



कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि डा. राजेश गेरा • विज्ञप्ति

जासं • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में मत्स्य क्षेत्र में उद्यमिता, नवाचार एवं क्षमता के निर्माण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किए गए चार दिवसीय एक्वा उद्यम-2026 कार्यक्रम का सफल समापन किया गया। एक्वा उद्यमी, मत्स्य पालकों एवं एक्वाप्रेन्योर्स के लिए उद्यमिता उन्मुखीकरण कार्यक्रम के साथ हुआ। समापन अवसर पर मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा राजेश गेरा ने बताया कि एक्वा उद्यम-2026 मत्स्य पालकों एवं एक्वाप्रेन्योर्स के बीच उद्यमिता, नवाचार एवं सतत आजीविका के अवसरों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ। सरकारी सहायता वित्त पोषण के स्रोत एवं सहयोगी संस्थान विषय पर एक सत्र का आयोजन किया गया जिसमें इनक्यूबेशन सेंटर आइआइएलएम विवि, गुरुग्राम के प्रबंधक अमित काले ने संस्थागत समर्थन व्यवस्थाओं की जानकारी दी। डा. निवेधा सीके तथा गौरी जगुरी को कार्यक्रम में योगदान देने पर सम्मानित किया गया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 21.2.26 | 13 | 7-8 |

# हकृवि द्वारा लाडवा में कृषि विकास मेला 28 से

**जल संरक्षण-प्रति बूंद से अधिक फसल' विषय पर रहेगा फोकस**

हिसार, 20 फरवरी (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा 28 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक दो दिवसीय कृषि विकास मेला अनाज मंडी लाडवा (कुरुक्षेत्र) में लगाया जाएगा। इस मेले का मुख्य विषय जल संरक्षण-प्रति बूंद से अधिक फसल रखा गया है,जिसका उद्देश्य किसानों को जल प्रबंधन की उन्नत तकनीक से अवगत कराना तथा कम पानी में अधिक उत्पादन की दिशा में प्रेरित करना है। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि कृषि विकास मेले के दौरान कृषि एवं औद्योगिक प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिसमें आधुनिक कृषि यंत्रों, उन्नत किस्म के बीजों तथा नवीनतम तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा। किसानों के लिए मिट्टी एवं पानी के नमूनों की सामान्य शुल्क पर जांच की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

इसके अतिरिक्त रोग ग्रस्त फसलों की जांच एवं निदान, फसल प्रतियोगिता, गृह विज्ञान संबंधी जानकारी तथा कृषि विशेषज्ञों के साथ प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन भी किया जाएगा। कुलपति ने बताया कि कृषि विकास मेले में खरीफ फसलों एवं सब्जियों के उन्नत किस्म के बीजों की जानकारी एवं बिक्री, विश्वविद्यालय के प्रकाशनों की बिक्री तथा हरियाणवी संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम मुख्य आकर्षण रहेंगे। विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. रमेश कुमार यादव ने प्रदेश के सभी किसानों, कृषि अधिकारियों, प्रगतिशील किसानों एवं कृषि क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों से अपील करते हुए कहा कि वे दो दिवसीय इस मेले में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर वैज्ञानिक तकनीक का लाभ उठाएं और अपनी आय में वृद्धि करें। उन्होंने बताया कि मेला स्थल पर स्टॉल लगाने एवं अन्य जानकारी के लिए सह-निदेशक विस्तार, विस्तार शिक्षा निदेशालय चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के मोबाइल नंबर 94164 82401 तथा 01662-255234 पर सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। सह निदेशक (विस्तार) डॉ. कृष्ण यादव ने बताया कि स्टॉल की बुकिंग आज से शुरू हो चुकी है और स्टॉल पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर आवंटित की जा रही है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 21.2.26 | 3 | 6 |

# कृषि विकास मेला 28 से

हिसार, 20 फरवरी (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा 28 फरवरी से 1 मार्च तक दो दिवसीय कृषि विकास मेला अनाज मंडी लाडवा (कुरुक्षेत्र) में लगाया जाएगा।

इस मेले का मुख्य विषय जल संरक्षण-प्रति बूंद से अधिक फसल रखा गया है, जिसका उद्देश्य किसानों को जल प्रबंधन की उन्नत तकनीक से अवगत कराना तथा कम पानी में अधिक उत्पादन की दिशा में प्रेरित करना है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि कृषि विकास मेले के दौरान कृषि एवं औद्योगिक प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिसमें आधुनिक कृषि यंत्रों, उन्नत किस्म के बीजों तथा नवीनतम तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| वीर भूमि | 21.2.26 | 1 | 5 |

## एचएयू का कृषि विकास मेला 28 फरवरी से

हिसार। हकृवि 28 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक दो दिवसीय कृषि विकास मेला अनाज मंडी लाडवा (कुरुक्षेत्र) में लगाएगा। इस मेले का मुख्य विषय जल संरक्षण-प्रति बूंद से अधिक फसल रखा गया है, जिसका उद्देश्य किसानों को जल प्रबंधन की उन्नत तकनीक से अवगत कराना तथा कम पानी में अधिक उत्पादन की दिशा में प्रेरित करना है। यह जानकारी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने दी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक सवेरा | 21.02.2026 | -- | -- |

# लाडवा में 28 फरवरी से लगेगा 2 दिवसीय कृषि विकास मेला

**सवेरा न्यूज/नरेश गर्ग लाडवा:** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा 28 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक 2 दिवसीय कृषि विकास मेला अनाज मंडी लाडवा (कुरुक्षेत्र) में आयोजित किया जाएगा। मेले का मुख्य विषय जल संरक्षण-प्रति बूंद से अधिक फसल रखा गया है, जिसका उद्देश्य किसानों को जल प्रबंधन की उन्नत तकनीकों से अवगत कराना और कम पानी में अधिक उत्पादन के लिए प्रेरित करना है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि मेले के दौरान कृषि एवं औद्योगिक प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इसमें आधुनिक कृषि यंत्रों, उन्नत किस्म के बीजों और नवीनतम तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा। किसानों के लिए मिट्टी व पानी के नमूनों की सामान्य शुल्क पर जांच की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि मेले में खरीफ फसलों एवं सब्जियों के उन्नत किस्म के बीजों की जानकारी और बिक्री, विश्वविद्यालय के प्रकाशनों की बिक्री तथा हरियाणवी संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे। विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. रमेश कुमार यादव ने प्रदेश के किसानों, कृषि अधिकारियों, प्रगतिशील किसानों और कृषि क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों से अधिक से अधिक संख्या में मेले में पहुंचने की अपील की। सह-निदेशक (विस्तार) डॉ. कृष्ण यादव ने बताया कि स्टॉल बुकिंग प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और आवंटन पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर किया जा रहा है। मेला स्थल पर स्टॉल लगाने व अन्य जानकारी के लिए 94164 82401 तथा 01662-255234 पर संपर्क किया जा सकता है।



लाडवा में जानकारी देते प्रो. बलदेव राज काम्बोज। (डिम्पी)

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा न्यूज | 20.02.2026 | -- | -- |

# हकृवि द्वारा लाडवा कुरुक्षेत्र में कृषि विकास मेला 28 फरवरी से

**हिसार ( समस्त हरियाणा न्यूज )।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा 28 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक दो दिवसीय कृषि विकास मेला अनाज मंडी लाडवा कुरुक्षेत्र में लगाया जाएगा। इस मेले का मुख्य विषय जल संरक्षण–प्रति बूंद से अधिक फसल रखा गया है जिसका उद्देश्य किसानों को जल प्रबंधन की उन्नत तकनीक से अवगत कराना तथा कम पानी में अधिक उत्पादन की दिशा में प्रेरित करना है। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि कृषि विकास मेले के दौरान कृषि एवं औद्योगिक प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिसमें आधुनिक कृषि यंत्रों, उन्नत किस्म के बीजों तथा नवीनतम तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा। विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. रमेश कुमार यादव ने प्रदेश के सभी किसानों, कृषि अधिकारियों, प्रगतिशील किसानों एवं कृषि क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों से अपील करते हुए कहा कि वे दो दिवसीय इस मेले में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर वैज्ञानिक तकनीक का लाभ उठाएं और अपनी आय में वृद्धि करें।